समाचार

सांसद ने किया पोड़ीबहार में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

कोरबा 08 मार्च 2022 – सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने मंगलवार को नगर निगम कोरबा के वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार में नवनिर्मित चन्द्रा समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विधानसभा क्षेत्र कोरबा के विधायक व राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विधायक मद से वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार में 08 लाख 84 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराया गया है, जिसका लोकार्पण मंगलवार को कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के करकमलों से किया गया। सांसद श्रीमती महंत ने लोकार्पण पट्टिका का अनवरण किया तथा फीता काटकर भवन को लोकार्पित किया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने अपने उद्बोधन में भवन की सौगात प्राप्त होने के लिए समाज के लोगों को अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी तथा कहा कि मैं अपने आपको एक नेता नहीं, बल्कि आप सबका सेवक, आपका प्रतिनिधि एवं समाज की सेवक के रूप में देखती हूॅं, मैं सदैव आपकी सेवा में उपस्थित रही हूॅं एवं आगे भी उपस्थित रहूॅंगी, उन्होने कहा कि अतिरिक्त भवन की मांग समाज के द्वारा की गई है, जिसे अवश्य पूरा किया जाएगा। आपकी विकास संबंधी जो भी मांगे होंगी, वे अवश्य पूरी होंगी, आपकी जो समस्याएं होंगी, उन्हें अवश्य दूर किया जाएगा। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि चन्द्रा समाज के लिए सांसद मद,विधायक मद एवं महापौर मद से भवन निर्माण कराए गए हैं, समाज को सर्वसुविधायुक्त भवन मिला है, जिसके लिए मैं बधाई देता हूॅं। उन्होने आगे कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास

महंत, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत का आशीर्वाद, मार्गदर्शन व सहयोग कोरबा नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए मुझे निरंतर प्राप्त हो रहा है, सीमित संसाधनों एवं अनंत आवश्यकताओं में समन्वय बनाकर निरंतर विकास के कार्य किए जा रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं—इस दौरान समाज के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन भी किया गया था, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पूरी सफलता के साथ कार्य कर रही हैं, प्रदेश व देश के विकास में अपना सहयोग दे रही हैं। उन्होने कहा कि हम सब ऐसा कार्य करें जिससे हमें हर जगह सम्मान मिले, हमारे कार्यो से लोगों का अधिक से अधिक हित हों तथा समाज, प्रदेश व राष्ट्र के विकास में हम अपना सर्वश्रेष्ठ देकर अपने आपको समर्पित करें। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने भी इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी तथा मातृशक्ति को नमन किया।

इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही श्री सूरज महंत, मेयर इन काउंसिल सदस्य व जिला कांग्रेस कमेटी की शहर अध्यक्ष सपना चौहान, एम.आई.सी.सदस्य प्रदीप राय जायसवाल, सुखसागर निर्मलकर, एल्डरमेन रूपा मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री उषा तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिश परसाई, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, किरण चौरसिया, उषा राजेन्द्र जायसवाल, रश्मि सिंह, प्रेमलता मिश्रा, कुसुम द्विवेदी, द्रौपदी तिवारी, क्रांति सोनी, हाजी इकबाल दयाला, समाज के अध्यक्ष मोहित कुमार चन्द्रा, उपाध्यक्ष भुनेश्वर चन्द्रा, सचिव मनमोहन चन्द्रा, कोषाध्यक्ष साहेब लाल चन्द्रा, गंगाराम चन्द्रा, कीर्ति चन्द्रा, नीलम चन्द्रा, मोहन गुरूजी, टी.पी.चन्द्रा, कमलेश चन्द्रा, राजेश्वरी चन्द्रा, युवराज चन्द्रा, आनंदराम चन्द्रा आदि के साथ चन्द्रा समाज के अन्य पदाधिकारी, सदस्यगण एवं काफी संख्या में समाज की महिलाएं, पुरूष एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।